

# अनमोल-तेजस्वी की तूफानी पारियों से साउथ दिल्ली जीता

**नयी दिल्ली 11 अगस्त. अनमोल शर्मा ( .9 ) और तेजस्वी ( .2 ) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के दम पर साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने सोमवार को दिल्ली प्रीमियर लीग के 18वें मुकाबले में नई दिल्ली टाइगर्स को तीन विकेट से हरा दिया.**

- डीपीएल में नई दिल्ली टाइगर्स को तीन विकेट से हराया
- अनमोल शर्मा ने 79 और तेजस्वी ने 72 रन बनाए
- 197 रन के लक्ष्य का पीछा 19 .5 ओवर में पूरा किया
- प्रिंस यादव और राहुल चौधरी ने तीन-तीन विकेट लिए


19. रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने अनमोल शर्मा (.9) और तेजस्वी (.2) की आतिशी अर्धशतकीय पारियों के दम पर 19.5 ओवर में सात विकेट पर 198 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया. सुमित कुमार 11 रन बनाकर नाबाद रहे. शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका. नई दिल्ली टाइगर्स के लिए प्रिंस यादव और राहुल चौधरी ने तीन-तीन विकेट लिये. इससे पहले आज यहां नई दिल्ली टाइगर्स ने ध्रुव कौशिक (65), दीपक पुनिया (54) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 196 रनों का स्कोर खड़ा किया. साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज की ओर से अमन भारती ने तीन विकेट लिये. सुमित कुमार, हिमांशु चौहान, विजन पांचाल, आयुष बदौनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया.

# जूनियर हॉकी में नया डिवीजन फार्मेट 30 टीमें भिड़ेंगी

**नयी दिल्ली, 11 अगस्त. पंजाब के जालंधर में मंगलवार से शुरु होने वाली 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में 30 टीमें नए डिवीजन-आधारित प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगी**

यह टूर्नामेंट 23 अगस्त तक चलेगा. टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 30 टीमों को ए, बी और सी डिवीजन में बांटा किया गया है. डिवीजन 'ए' की टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि डिवीजन 'बी' और 'सी' की शीर्ष दो टीमें अगले स्तर पर पदोन्नति हासिल करेंगी. डिवीज़न 'ए' और 'बी' में सबसे नीचे की दो टीमें 2026 के लिए अगले डिवीजन में रेलीगेशन का सामना करेंगी. डिवीजन 'ए' में देश की 12 सर्वश्रेष्ठ जूनियर पुरुष टीमें शामिल हैं, जिनमें गत विजेता पंजाब, उपविजेता उत्तर प्रदेश और तीसरे स्थान पर रहने वाली हरियाणा शामिल हैं. पूल मैच 16 अगस्त से शुरू होंगे और 20 से 23 अगस्त तक क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएँगे. टीमों को निम्नलिखित पूल में विभाजित किया गया है:

पूल एः पंजाब, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु; पूल बीः उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्रः पूल सीः हरियाणा, मणिपुर, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव; पूल डीः कर्नाटक, ओडिशा, आंध्र प्रदेश! डिवीज़न 'बी' में केवल लीग मैच होंगे, जिसमें शीर्ष दो रैंक वाली टीमों को डिवीजन 'ए' में पदोन्नत किया जाएगा.



हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, जूनियर टूर्नामेंट भारतीय हॉकी के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं. युवा खिलाड़ी इस प्रारूप में खेलकर बहुत कुछ सीखेंगे क्योंकि हम सभी डिवीजनों की टीमों के बीच एक अलग स्तर की प्रतिस्पर्धा देखेंगे क्योंकि वे पदोन्नति और चैंपियनशिप खिताब के लिए संघर्ष करेंगे. मैं सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं और यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि टूर्नामेंट आगे कैसा होता है.

## आईजीयू ने चैम्पियनशिप के लिए 4 सदस्यीय टीम भेजी

**टेंगरांग ( इंडोनेशिया ).** इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू), जो कि युवा कार्य और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त गोल्फ का राष्ट्रीय खेल महासंघ है, ने इंडोनेशिया में एशिया-पैसिफिक गोल्फ कॉन्फेडरेशन द्वारा आयोजित पहली मिड-अमैच्योर चैम्प्यिनशिप में भाग लेने के लिए चार सदस्यीय टीम भेजी है। इस टूर्नामेंट का आयोजन इंडोनेशिया गोल्फ एसोसिएशन के सहयोग से किया जा रहा है. मौजूदा आईजीयू ऑल-इंडिया मिड-अमैच्योर चैंपियन रणजीत सिंह भारतीय टीम की अगुवाई कर रहे हैं.

# 10 वर्षीय शिवानंदन ने ग्रैंडमास्टर को हराया

## 10 साल, 5 महीने, 3 दिन की उम्र में तोड़ा अमेरिकी कैरिसा यिप का रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली, 11 अगस्त. भारतीय मूल की ब्रिटिश नागरिक बोधना शिवानंदन ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गयी है.**

इंग्लिश शतरंज महासंघ (ईसीएफ) द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, हैरो की इस 10 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को लिवरपूल में 2025 ब्रिटिश शतरंज चैंपियनशिप के अंतिम दौर में 60 वर्षीय ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराकर जीत हासिल की. 10 साल, पांच महीने और तीन दिन की उम्र में शिवानंदन की यह जीत अमेरिकी कैरिसा यिप के 2019 के रिकॉर्ड को तोड़ती है, जो आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय मास्टर बनीं. ईसीएफ ने कहा कि बोधना की जीत ने महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर खिताब हासिल करने के लिए आवश्यक अंतिम 'मानदंड' या परिणाम भी हासिल कर लिया है, जो शतरंज के सर्वोच्च खिताब, ग्रैंडमास्टर, की ओर एक कदम है.



उनके खेल में विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन या महान जोस राउल कैपब्लांका की झलक दिखती है. मुझे लगता है कि मैग्नस कार्लसन शायद उनके शतरंज के नायकों में से एक हैं.

बोधना ने इस आयोजन के दौरान 24 रेटिंग अंक हासिल किए और 26वें स्थान पर रहीं एक 10 वर्षीय खिलाड़ी के लिए यह उल्लेखनीय उपलब्धि है. ईसीएफ के विशेषज्ञ कमेंटेटर डैनी गोरमली ने कहा, आखिरकार उन्होंने यह कैसे जीत लिया. वह जरूर कोई जादूगरनी होंगी. उन्हें सरल पोजिशनल मूव्स खेलना पसंद है, कुछ खास नहीं, वह बहुत मजबूत खिलाड़ी हैं और खेल के आखिर में अपने विरोधियों को मात देने का प्रयास करती हैं.

### एक नजर में

## लोकसभा में राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक पास

**नयी दिल्ली.** लोकसभा ने देश में वैश्विक स्तर का खेल ढांचा तैयार करने, खेल प्रशासन को अधिक जवाबदेह तथा पारदर्शी बनाने और प्रतिभाओं को आसानी से सामने लाने के मकसद से तैयार राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक 2025 को सोमवार को ध्वनि मत से पारित कर दिया. खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने विधेयक को सदन में पारित कराने के लिए पेश करते हुए कहा कि सरकार ने देश में खेलों को बढावा देने के लिए 'खेलो इंडिया' जैसे कार्यक्रम शुरु किये हैं जिसके कारण देश के कोने कोने से खेल प्रतिभाएं सामने आ रही हैं और वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेर रही है. इस समय देश के विभिन्न हिस्सों में एक हजार से ज्यादा खेलो इंडिया खेल चल रहे हैं. उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अच्छा कोच मिले, खेलने के देश और विदेश में अवसर मिले और रोजगार सुलभ कराया जा सके, इस दिशा में यह विधेयक महत्वपूर्ण साबित होगा. उनका कहना था कि यह विधेयक 25 साल से इंतजार कर रहा है लेकिन किसी सरकार ने इसे संसद तक नहीं पहुंचने दिया. इसका पहला प्रस्ताव 1995 में बन गया था लेकिन विधेयक नहीं आया. उसके बाद की सरकारों ने विधेयक तैयार करवाया और इसे कैबिनेट तक लाने का रास्ता भी बनाया लेकिन कुछ स्वार्थी ताकतों के कारण विधेयक का प्रस्ताव पारित नहीं हो सका, लेकिन मोदी सरकार ने किसी की परवाह किये बिना यह विधेयक बनाया और संसद में पेश कर इसे पारित करवा दिया है. उन्होंने कहा कि खेल फेडरेशन में महिला अधिकारी को खेल प्रतिभाओं को सामने लाने तथा महिला खिलाड़ियों को निडर होकर आगे बढने के लिए यह विधेयक महत्वपूर्ण है. विधेयक तैयार करने में एक साल से ज्यादा का वक्त लगा और सार्वजनिक रूप से इसमें 1000 लोगों की सलाह आयी है जिस पर विधेयक को अंतिम रूप देने से पहले विचार किया गया.





## मुक्केबाज रितिका ने जीता स्वर्ण

**बैंकॉक.** भारतीय मुक्केबाज रितिका ने सोमवार को महिलाओं के 80प्लस किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में भारत के अभियान का समापन किया. टीम ने दोनों आयु वर्गों में कुल 27 पदक जीते. आज यहां रितिका ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन 80प्लास किग्रा वर्ग के फाइनल में कजाकिस्तान की एस्सेल टोकटासिन को हराया. 10 दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भारत की अंडर-19 टीम दूसरे स्थान पर और अंडर-22 टीम चौथे स्थान पर रही. भारत ने इस प्रतियोगिता में दोनों आयु वर्ग में 20-20 मुक्केबाजों का दल उतारा था. अंडर-19 दल के भारतीय मुक्केबाजों ने तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते. जोकि संख्या के मामले में सबसे अधिक है. भारतीय दल स्वर्ण पदकों में उज्बेकिस्तान (सात) के बाद दूसरे स्थान पर रहा. वहीं भारतीय अंडर-22 मुक्केबाजों ने एक स्वर्ण, चार रजत और आठ कांस्य सहित कुल 13 पदक जीते. रितिका भारत की एकमात्र अंडर-22 चैंपियन बनकर उभरीं. उन्होंने अंतिम दिन 80प्लास किग्रा वर्ग के फाइनल में कजाकिस्तान की एस्सेल टोकटासिन को दबाव के बावजूद अपना संयम बनाए रखते हुए हराया. सुबह के सत्र में यात्री पटेल को महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में उज़्बेकिस्तान की खुमोराबोनू मामाजोनोवा से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि प्रिया को 60 किग्रा वर्ग के फाइनल में चीन की यू तियान के खिलाफ 3-2 से करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा.



# अनु रानी ने दिखाया जलवा

## 62 .01 मीटर थ्रो कर जीता खिताब

**भुवनेश्वर 11 अगस्त. ओलंपियन अनु रानी ने इंडियन ओपन 2025 वर्ल्ड एथलेटिक्स ब्रॉन्ज लेवल कॉन्टिनेंटल टूर में अपनी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए महिला भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीता.**

इस सप्ताह की शुरुआत में इंटरनेशनल विस्लाव मैनियाक मेमोरियल में जैवलिन थ्रो खिताब जीतने वाली अनु रानी ने रविवार को हुई स्पर्धा में 62.01 मीटर थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया. श्रीलंका की एन डी.एल. हटारबाग लेखा (56.27 मीटर) और दीपिका (54.20 मीटर) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं. पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में श्रीलंका के रुमेश पथिरंगे ने 86.50 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की. रुमेश पथिरंगे ने पिछले महीने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में कांस्य पदक जीता था. शिवम लोहकरे 80.73 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे,.

एशियन गेम्स के रजत पदक विजेता मोहम्मद अफसल पी ने पुरुष 800 मीटर दौड़ में 1 :46 .60 का समय दर्ज करते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि प्रकाश गड्डे ( 1 :47 .14 ) और कृष्ण कुमार ( 1 :48 :00 ) क्रमश : दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे. महिला 1500 मीटर दौड़ में, एशियन चैंपियनशिप की पदक विजेता पूजा ( 4 :15 .13 ) ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि लिली दास ( 4-17 .66 ) दूसरे और अमनदीप कौर ( 4 :27 .14 ) तीसरे स्थान पर रहीं. वहीं, मुरली श्रीशंकर ने अपने अंतिम प्रयास में 8 .13 मीटर की सीजन की सर्वश्रेष्ठ जंप के साथ पुरुष लांग जंप खिताब जीता.

# आर अश्विन ने सीएसके से मांगी स्पष्टता

**चेन्नई 11 अगस्त. चेन्नई सुपर किंग्स ( सीएसके ) के ऑलराउंडर आर अश्विन ने अपनी टीम से पूछा है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) में उनकी भूमिका क्या होगी.**

उन्होंने फ्रैंचाइजी से कहा है कि अगर वह टीम की योजनाओं में फिट नहीं बैठते तो उन्हें टीम से अलग होने में कोई आपत्ति नहीं है. खिलाड़ियों को रिलीज करने की अंतिम तारीख आमतौर पर इस बात पर निर्भर करती है कि उस साल की नीलामी कब है. यह आईपीएल 2026 के लिए अभी तय नहीं हुआ है. बड़ी नीलामी हर तीन साल में होती है, लेकिन छोटी नीलामी हर साल होती है. यह आमतौर पर नवंबर से फरवरी के बीच कभी भी हो सकती है. अगर किसी खिलाड़ी का ट्रेड होना हो तो यह नीलामी से एक हफ्ते पहले तक हो सकता है. अश्विन आईपीएल में पांचवें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं. उन्होंने सीएसके से शुरुआत की थी और इसके बाद वह राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स, किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेले. वह फिर 2025 में सीएसके में लौटे. सीएसके को अभी और भी बड़े फैसले लेने हैं, जिसमें कप्तानी का मामला भी शामिल है. पिछले सीज़न जब नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ चोटिल होकर बाहर हो गए थे, तब महेंद्र सिंह धोनी ने कमान संभाली थी. फ्रैंचाइजी हमेशा धोनी के ट्रेनिंग शुरू करने के बाद साल के अंत तक उनकी उपलब्धता के फैसले का इंतजार करती है.

## पाकिस्तान महिला टीम ने आयरलैंड को 8 विकेट से हराया

**डबलिन.** मुनीबा अली (नाबाद 100) की शतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान की महिला टीम ने तीसरे और आखिरी टी-20 मुकाबले में आयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया. इसी के साथ पाकिस्तान की टीम आखिरी मैच में जीत दर्ज कर अपनी साख बचाने में कामयाब रही. हालांकि आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की. 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की महिला टीम को पहला झटका 33 के स्कोर पर शवाल जुल्फिकार (तीन) के रूप में लगा.

# करेन ने अपने करियर की 200वीं जीत दर्ज की

**ओहायो ( अमेरिका ), 11 अगस्त. रूस के करेन खाचानोव ने सोमवार को सिनसिनाटी ओपन के शुरुआती मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करे हुए फ्रांस के वैलेंटिन रॉयर को सीधे सेटों में हराया. यह उनके हार्ड कोर्ट करियर की 200वीं जीत है.** आज यहां खाचानोव ने फ्रांसीसी क्वालीफायर वैलेंटिन रॉयर को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 7-6 (6) से हराया. इसी जीत के साथ ही वह हार्ड कोर्ट पर 200 मैच जीतने की उपलब्धि हासिल करने वाले 10वें खिलाड़ी बन गये है.


**कब्जे की सूचना - (अचल संपति के लिए) नियम 8-(1)**

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्वारा संपत्ति से संबंधित लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL द्वारा यहां उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज सहित प्रभारित किया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" की बकाया राशि, सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां "IIFL HFL" द्वारा बेची या हस्तांतरित नहीं की जाएंगी और सुरक्षित संपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "IIFL HFL" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री हरिओम शर्मा, श्री राम अवतार शर्मा, श्रीमती हेमलता, (प्रॉस्पेक्ट नं. 906245) | फ्लैट संख्या G-06, पटवारी हल्का संख्या 39, भूतल, ब्लॉक A-2, बसेरा, AB बेपास, कंट्रीवॉक बसेरा, ग्राम झालरिया, एहर, इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत, 452001 का पूरा हिस्सा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः कार्पेट एरिया, सुपरबिल्ट एरिया, संपत्ति का क्षेत्रफलः 250.00, 314.00 | रु.561824/- (रुपये पाँच लाख इकसठ हजार आठ सौ चौबीस मात्र) | 08/05/ 2025 | 06/08/ 2025 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालयः 102/103, दर्शन मॉल, 15/2 रेसकोर्स रोड, इंदौर- 452001, मध्य प्रदेश या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट संख्या 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः इन्दौर
दिनांकः 12-08-2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।



**कार्यालय नगर परिषद् पिपलियामंडी, जिला- मंदसौर (म.प्र.)**

Email- cmopipaliyamandi@mpurban.gov.in / फोन नं. 07424-241071

क्रमांक- 820-821/ ई-निविदा/2025, पिपलियामंडी, दिनांक- 04/08/2025

:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइड https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| जा.क्रं. | ऑनलाईन टेंडर नं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | टेंडर क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 820/ 04.08.25 | 2025-UAD-442058-1 प्रथम निविदा | अमृत 2.0 स्टेडियम निर्माण कार्य | 2,08,99,757 | 1,04,500 | 15,000 | 365 दिवस वर्षाकाल सहित | 05/09/2025 |
| 821/ 04.08.25 | 2025-UAD-442893-1 प्रथम निविदा | टीलाखेड़ा शमसान घाट पेवर ब्लॉक लगाने बाबत् | 3,93,273 | 3,933 | 2,000 | 90 दिवस | 23/08/2025 |

1- निविदा दर ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक - 05/09/2025, 23/08/2025
2- मूल दस्तावेज (फिजिकल) प्रस्तुत करने की दिनांक - 05/09/2025, 23/08/2025 प्रातः 11.30 बजे तक

नोट :-

1- विस्तृत निविदा एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिये https://www.mptenders.gov.in वेबसाईड पर सुविधा उपलब्ध हैं अधिक जानकारी कार्यालय नगर परिषद् पिपलियामंडी में देखी जा सकती है।
2- निविदा डाउनलोड करने के पूर्व निविदाकार निकाय में उपलब्ध शर्तो का अवलोकन एवं फिल्ड विजिट करने के पश्चात ही टेण्डर क्रय करें।
3- निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वह ऑनलाईन पोर्टल पर प्रदर्शित होगा, उसके लिये पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।
4- दरे जी.एस.टी. सहित ही प्रस्तुत करे। अन्य समस्त शर्ते लागू रहेगी। अधिक जानकारी कार्यालय में देखी एवं समझी जा सकती है।

(प्रवीण सैन)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
न. प. पिपलियामंडी

(भारतसिंह सौनगरा)
उपाध्यक्ष
न. प. पिपलियामंडी

(श्रीमती इंदिरा - सुनिल देवरिया)
अध्यक्ष
न. प. पिपलियामंडी



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्सः +914445644022

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वगीर्कृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 149203445 | होम लोन | 31.07.2025 | 8,32,538.21/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं के नामः** 1. कमल जगदीश 2. अनीता कमल

**संपत्ति का पताः** संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, मकान संख्या 303, 190.70 वर्ग मीटर क्षेत्रफल, पटवारी हल्का संख्या 20 में स्थित, दिशानिर्देशों के अनुसार, पटवारी हल्का संख्या 22, वार्ड संख्या 20, गाँवः खलखला, तहसीलः सांवेर, जिलाः इंदौर, मध्य प्रदेश-453551, और **सीमाः पूर्वः रोड गली, पश्चिमः आम रास्ता, उत्तरः आम रास्ता, दक्षिणः नारायण रतिराम का मकान/प्लॉट**

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 147744057 | संपत्ति पर ऋण | 31.07.2025 | 11,97,491.61/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं के नामः** 1. शैलेंद्र यादव 2. पूजा यादव

**संपत्ति पताः** प्लॉट संख्या 207 का वह पूरा टुकड़ा, कुल प्लॉट क्षेत्रफल 2700 वर्ग फुट (250.92 वर्ग मीटर), ग्रामः गोहन, तहसीलः हातोद, जिलाः इंदौर, मध्य प्रदेश-453001 में स्थित, और इसकी **सीमाः पूर्वः आनंद का कोठा, पश्चिमः खुली सरकारी जमीन, उत्तरः खुली जमीन और सड़क, दक्षिणः सेल्फ मिल्क डेयरी**

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड,** आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 13 ) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी

दिनांकः 12.08.2025
स्थानः मध्यप्रदेश

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)